मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-449
05/09/2021

# टोक्यो पैरालंपिक 2020 के बैडमिंटन के पुरूष सिंगल एस0एल0–4 इवेंट में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने श्री सुहास एल0 यथिराज को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

पटना, 05 सितम्बर 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 के बैडमिंटन के पुरूष सिंगल एस0एल0–4 इवेंट में भारत के लिये रजत पदक जीतने पर श्री सुहास एल0 यथिराज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बैडमिंटन के पुरूष सिंगल एस0एल0–4 इवेंट में श्री सुहास एल0 यथिराज के रजत पदक जीतने पर पूरा देश गौरवान्वित है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुॅचाया है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******